समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्याः................................/विकास/

दिनांकः..............................................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/समस्त प्रधान अन्वेषक,
सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स योजना,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः—सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की स्थापना हेतु स्वीकृत अनुदान का उपभोग किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उ0प्र0 शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग—4, के पत्र संख्या—96/सत्तर—4—2024 दिनांक 12.01.2024 द्वारा **सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018—19 से 2022—23 तक स्वीकृत परियोजना के अवषेश/अप्रयुक्त धनराशि का उपयोग किये जाने की अवधि दिनांक 31.03.2024 तक निम्नलिखित शर्तो के अधीन अनुमति प्रदान की गयी हैः—**

1—उपरोक्त धनराशि का उपयोग उसी कार्य एवं मद हेतु किया जाएगा, जिस कार्य/मद हेतु धनराशि पूर्व में स्वीकृत की गयी है।

2—उपरोक्त धनराशि का व्यय वित्तीय वर्ष 2023—24 में आवश्यक रूप से सुनिश्चित करते हुए उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

3—यदि धनराशि का व्यय वित्तीय वर्ष में नही किया जाता तो वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अवशेष धनराशि को समर्पित कर किया जाएगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त शासन के निर्देशानुसार सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स योजना के अन्तर्गत पूर्व में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष अवशेष/अप्रयुक्त धनराशि का उपयोग/व्यय दिनांक 31.03.2024 तक प्रत्येक दशा में करने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)**
कुलसचिव

पत्रांक PJ-1136-40 दिनांक 16/01/24

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1—निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2—अधिष्ठाता, शोध, ल0वि0वि0।
3—निदेशक, नवीन परिसर, ल0वि0वि0।
4—वित्त अधिकारी, ल0वि0वि0, लखनऊ।
5—इंचार्ज बेवसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त को ईमेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

16/01/2024
**Incharge-Website**
University of Lucknow
Lucknow - 226007